# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

## दिल्ली विधान सभा चुनाव

### हालिया संदर्भ :

- दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख के घोषित हो गई हैं। चुनाव आयोग के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान 5 फरवरी को होगा एवं परिणाम 8 फरवरी को जारी किए जाएंगे।
- यह चुनाव इसलिए दिलचस्प होने वाला है क्योंकि पिछले दो लगातार लोकसभा चुनावों में यहां BJP का प्रभुत्व रहा है वहीं विधानसभा चुनावों में AAP (आम आदमी पार्टी) का वर्चस्व रहा है।




### चुनावों का इतिहास :

- *** दिल्ली में पहली विधानसभा का चुनाव 27 मार्च 1952 को संपन्न हुआ।

- ** 4 सीटों के लिए इस चुनाव में कांग्रेस ने 39 सीटें जीती एवं चौधरी ब्रह्म प्रकाश दिल्ली के पहले सीएम बने।
- विवादों के बीच ब्रह्म प्रकाश को इस्तीफा देना पड़ा, इसके बाद कांग्रेस के ही गुरुमुख निहाल सिंह अगले एक वर्ष के लिए सीएम बने।
- ** 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर दिल्ली की विधानसभा एवं मंत्रिपरिषद को भंग कर दिया एवं दिल्ली पर प्रत्यक्षत: केंद्र का शासन स्थापित कर दिया गया।

## ➢ मेट्रोपॉलिटन परिषद :

- *** लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने के लिए 1966 में दिल्ली प्रशासन अधिनियम लागू किया गया, जिसके तहत मेट्रोपॉलिटन काउंसिल बनाया गया।
- इसमें कुल 61 सदस्य थे, जिसमें 56 के लिए चुनाव होता था, जबकि 5 राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते थे।
- मेट्रोपॉलिटन काउंसिल द्वारा दिल्ली में 1990 तक प्रशासन का कार्यभार संभाला गया।

## ➢ सरकारिया आयोग :

- *** 1987 में केंद्र सरकार ने केंद्र–राज्य संबंध एवं दिल्ली के प्रशासन से जुड़े मामलों की जांच के लिए सरकारिया आयोग का गठन किया।
- *** इस आयोग ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए नकारात्मकता जताया, लेकिन विधानसभा व्यवस्था बहाल के पक्ष में सिफारिश की।
- इस समिति के सिफारिश के आधार पर ही 69वें संविधान संशोधन अधिनियम (73वां संविधान संशोधन विधेयक), 1991 द्वारा दिल्ली को 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' (NCT) का विशेष दर्जा दिया मिला एवं पुन: विधानसभा का गठन किया गया।

## ➢ 1993 और बाद का चुनाव :

- *** 1993 के चुनाव में कुल 70 सीटों में से BJP ने 49 सीटें जीती तथा मदनलाल खुराना दिल्ली के सीएम बने।
- 1993–98 के कार्यकाल में BJP के दो अन्य नेता साहिब सिंह वर्मा एवं सुषमा स्वराज ने भी बारी-बारी से सीएम पद का कार्यभार संभाला।
- ** 1998, 2003 एवं 2008 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने क्रमशः 52, 47 एवं 43 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाई, जिसका नेतृत्व शीला दीक्षित ने किया।
- शीला दीक्षित लगातार 15 वर्षों तक CM रही, जो दिल्ली के इतिहास में सबसे लंबा कार्यकाल है।

## ➢ AAP का वर्चस्व :

- अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद अरविंद केजरीवाल ने 2012 में AAP का गठन किया एवं 2013 में हुए चुनाव में BJP (31) के बाद 28 सीट जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी।
- *** दिल्ली के इतिहास में 2013 का चुनाव पहला त्रिशंकु चुनाव साबित हुआ, जिसमें किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला लेकिन केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार का गठन किया एवं CM का पद संभाला।
- भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडे के बल पर सत्ता में आए केजरीवाल ने महज 49 दिनों के बाद ही सीएम पद से इस्तीफा दे दिया एवं 2015 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू रहा।
- 2015 के चुनाव में AAP ने 67 सीटें जीतकर वर्चस्व स्थापित किया एवं केजरीवाल दोबारा सीएम बने।
- 2020 के चुनाव में पुनः AAP ने 62 सीटें जीती एवं केजरीवाल तीसरे कार्यकाल के सीएम बने।

  **Note :–** 2015 एवं 2020 के चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट प्राप्त नहीं हुई थी।

Result Mitra

- अरविंद केजरीवाल के जेल जाने एवं भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद सितंबर 2024 में की आतिशी मार्लेना ने सीएम का पद संभाला।

## ➢ हालिया लोकसभा चुनाव :

- पहली लोकसभा के लिए चुनाव 1952 में आयोजित किया गया था, जिसमें दिल्ली के 4 सीटों के लिए चुनाव हुआ था।
- *** पिछले 4 लोकसभा चुनावों (2009, 2014, 2019 एवं 2024) में दिलचस्प तरीके से एक ही पार्टी ने सभी सातों सीटों पर जीत दर्ज की है।
- 2009 में कांग्रेस ने जबकि 2014, 2019 एवं 2024 में सभी सीटों पर BJP ने जीत दर्ज की है।
- विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद AAP अब तक एक भी लोकसभा सीट जीतने में सफल नहीं हुई है।

## ➢ *** 69 वां संविधान संशोधन एक्ट, 1991 :

- इसके तहत संविधान में 239 AA एवं 239 AB जोड़े गए, जिसके द्वारा दिल्ली को विशेष राज्य प्रदान किया गया।
- 239 AA के तहत इसे NCT–दिल्ली बनाया गया एवं इसके प्रशासक को 'उपराज्यपाल' का नाम दिया गया।

  **Note :–** दिल्ली के पहले उप राज्यपाल आदित्यनाथ झा बनाए गए थे।
- इस अधिनियम के तहत दिल्ली में विधानसभा स्थापित की गई जो पुलिस, भूमि और लोक व्यवस्था के अलावा राज्य एवं समवर्ती सूची के किसी भी विषय पर कानून बना सकती है।
- इसके तहत मंत्रिपरिषद की व्यवस्था की गई थी जिसका आकार विधानसभा के कुल सीटों के 10% सदस्यों से बड़ा नहीं होगा।
- 239 AB में प्रावधान है कि भारत के राष्ट्रपति 239 AA में वर्णित किसी भी प्रावधान को निलंबित कर सकते हैं।

## ➢ CM की सूची :

| क्रम | नाम | पदावधि | पार्टी |
|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी ब्रह्म प्रकाश | 1952-1955 | कांग्रेस |
| 2 | गुरुमुख निहाल सिंह | 1955-1956 | कांग्रेस |
| 3 | मदनलाल खुराना | 1993-1996 | BJP |
| 4 | साहिब सिंह वर्मा | 1996-1998 | BJP |
| 5 | सुषमा स्वराज | Oct 1998-Dec 1998 | BJP |
| 6 | शीला दीक्षित | 1998-2013 | कांग्रेस |
| 7 | अरविंद केजरीवाल | Dec 2013-Feb 2014 | AAP |
| 8 | अरविंद केजरीवाल | 2015-2024 | AAP |
| 9 | आतिशी मार्लेना | 2024-....... | AAP |

Result Mitra

**Note :–** 15 फरवरी 2014–13 फरवरी 2015 तक राष्ट्रपति शासन लगा था।

**MCQ–1:** 69वें संविधान संशोधन अधिनियम के संबंध में कौन सा कथन असत्य है–

a) इसके तहत 239 AA एवं 239 AB संविधान में दो उपखंड जोड़े गए, जो दिल्ली से संबंधित है।
b) इसके तहत दिल्ली विधानसभा स्थापित हुआ एवं मंत्रिपरिषद में अधिकतम मंत्रियों की संख्या 7 निश्चित की गई।
c) इसके तहत दिल्ली विधानसभा में राज्य एवं समवर्ती सूची के सभी विषयों पर कानून बनाने की शक्ति प्रदान की गई।
d) यह अधिनियम फरवरी 1992 में लागू हुआ।

Ans.–(c)


**MCQ–2 :** दिल्ली–NCT में हुए विधानसभा चुनावों एवं इसके CM (मुख्यमंत्री) के संदर्भ में कौन से कथन सत्य है–

1. अब तक तीन महिला दिल्ली–NCT की CM बन चुकी है।
2. अब तक सर्वाधिक (संख्या मामले में) CM कांग्रेस पार्टी से संबंधित रहे हैं।

3. सर्वाधिक सीटें जीतने का रिकॉर्ड AAP के पास है।
4. किसी भी महिला ने CM के रूप में 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं किया है।
5. पहले चुनाव में BJP ने जीत दर्ज की एवं सुषमा स्वराज दिल्ली–NCT की पहली CM बनी।

a) केवल 1, 2 एवं 4
b) केवल 1 एवं 3
c) केवल 2, 3 एवं 5
d) केवल 2, 4 एवं 5

Ans.–(b)




हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806